# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज इलाहाबाद केन्द्रीय विश्वविद्यालय के एक सौ छत्तीसवें दीक्षांत समारोह में हिस्सा लिया और वहां उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि मेघावियो को पदक प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों को महाकुंभ पर शोध करने की सलाह दी और कहा कि छात्र उन मुद्दों के आधार पर शोध का विषय चुनें जिसका जुड़ाव सीधा समाज से हो। दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेने के बाद मुख्यमंत्री बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलाधिपति गिरधर मालवीय के घर गये और वहां उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गिरधर मालवीय का बीते दिनों निधन हो गया था। इसी क्रम में मुख्यमंत्री महाकुंभ के कार्यों के निरीक्षण के लिये गंगा के दशाश्वमेध घाट पर गये और वहां जल्द से जल्द पक्का घाट बनाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ मेला के लिये अग्निशमन वाहन और सफाई वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना भी किया। महाकुंभ मेला के परेड ग्राउंड में हुए इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दो हजार उन्नीस के स्वच्छ और दिव्य कुंभ से प्रेरणा लेते हुए इस बार के महाकुंभ का अद्‌भुत आयोजन कराया जायेगा।

**********

केन्द्र सरकार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान बाल विवाह मुक्त भारत की शुरुआत की। अभियान का मुख्य उद्देश्य देश को बाल विवाह मुक्त राष्ट्र बनाना है। महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने अभियान की शुरुआत करते हुए कहा कि सरकार ने एक सौ तीस जिलों की पहचान की है जहां इस अभियान को मुख्य तौर पर चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल एक अपराध है बल्कि मानवाधिकारों का उल्लंघन भी है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि बाल विवाह मुक्त भारत अभियान केवल दस और पन्द्रह दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि यह एक निरंतर प्रयास है।

**********

राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि पर्यटन विभाग प्रदेश के सभी बारह टूरिस्ट सर्किट के गंतव्य स्थलों तक प्रमुख सड़कों के किनारे ढाबे, मोटल और फूड कोर्ट स्थापित करायेगा। इनकी स्थापना के लिये आगे आने वाली निर्माण इकाइयों को पच्चीस से तीस प्रतिशत की सब्सिडी देगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि पर्यटन विभाग सभी मोटलों और ढाबों का विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार भी करायेगा। इच्छुक लोग इस योजना का लाभ उठाने के लिये पर्यटन विभाग के पोर्टल पर सीधे आवेदन कर सकते हैं।

**********

प्रदेश में खरीफ क्रय के अन्तर्गत एजेंसियों द्वारा अब तक सात लाख अट्‌ठाइस हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीद की जा चुकी है। जो पिछले वर्ष की तुलना में अब तक एक लाख उन्चास हजार मीट्रिक टन अधिक है। वर्ष दो हजार तेइस–चौबीस में पच्चीस नवम्बर तक एजेंसियों द्वारा पांच लाख उन्यासी हजार मीट्रिक टन धान की खरीद हुयी थी। किसानों को अब तक एक हजार चार सौ चौंसठ करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

**********

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कनिष्ठ सहायक के दो हजार सात सौ दो पदों पर भर्ती शुरू करने जा रहा है। इसके लिये तेइस दिसम्बर से बाइस जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। इसमें संशोधन उन्तीस जनवरी तक किया जा सकेगा। आयोग के सचिव अवनीश सक्सेना ने बताया कि आवेदन आयोग की वेबसाइट यूपी एस.एस.एस.सी. डॉट जीओवी डॉट इन पर लिये जायेंगे। उन्होंने बताया कि सामान्य चयन के दो हजार पांच सौ अड़सठ और विशेष चयन के एक सौ चौंतीस पद हैं।

**********

काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन बोर्ड सी.आई.एस.सी.ई. ने दसवीं–बारहवीं–दो हजार पच्चीस का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। बारहवीं की बोर्ड की परीक्षा तेरह फरवरी से शुरू होकर पांच अप्रैल तक और दसवीं की परीक्षा अट्‌ठारह फरवरी से शुरू होकर सत्ताइस मार्च तक चलेगी। बोर्ड ने कहा है कि परिणाम मई में आने की संभावना है।

**********

आगामी एक दिसम्बर को गोरखपुर के हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड परिषर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत एक आयोजन किया जायेगा, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में लगभग बारह सौ गरीब बेटियों का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। योजना के तहत हर विवाह पर सरकार की ओर से इक्यावन हजार रूपये खर्च किये जायेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के लिये ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से अब तक छब्बीस सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसका सत्यापन कराया जा रहा है।

**********

सैयद मोदी इण्डिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर–थ्री हण्ड्रेड बैडमिंटन चैम्पियनशिप में आज भारत के आठवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी आयुष शेट्‌टी ने भारत के लिये रघुमारीस्वामी को हरा कर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। लखनऊ के बाबू बनारसीदास स्टेडियम के इंडोर कोर्ट में आयोजित मिश्रित युगल मैच में सतीश कुमार करूणाकरण और आद्या वी की जोड़ी ने जीत हासिल की। महिला युगल में भारत की कविप्रिया सेलवम और सिमरन सिंघवी की जोड़ी ने अपर्णा बालान और गौरी कृष्णा टीआर को हराया। एक अन्य मैच में पीवी सन्धु ने सीधे सेटों में अनमोल खरब को हराया।

**********